Rajasthan Patrika
Page No. 02
Date: 16/04/2024

अहमदाबाद: मेट्रो ट्रेन में गूंजा मतदान जागरूकता अभियान का नाद

अहमदाबाद @ पत्रिका. लोकसभा चुनाव के उपलक्ष्य में मतदान जागरूकता का नाद सोमवार को शहर में चलने वाली मेट्रो ट्रेन में भी गूंजा। चुनाव का पर्व, देश का गर्व के सूत्र के साथ मेट्रो स्टेशन तथा मेट्रो ट्रेन में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अहमदाबाद जिला चुनाव प्रशासन की ओर से सोमवार को गुजरात यूनिवर्सिटी से वस्त्राल तक मेट्रो ट्रेन में सवार लोगों को मतदान के संबंध में जानकारी दी। इनमें कई युवा ऐसे भी हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। मेट्रो ट्रेन में दस मिनट देश के लिए नाद के साथ यात्रियों को मतदान के लिए जागरूक किया, यात्रियों ने भी अवश्य मतदान करने की शपथ ली। अहमदाबाद जिला और शहर में अधिक से अधिक लोग मतदान करें, इस उद्देश्य के साथ विविध आयोजन किए जा रहे हैं।